कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर

नया प्रशासनिक कार्यालय,गांधी मैदान, बैरन बाजार, रायपुर (छ.ग.)

फोन.नं- 0771-2535780, 90, फैक्स : 0771-2227395 E-mail :-dc_rmc@rediffmail.com

क्रमांक 133 / स्टो. / न.पा.नि. / 2023 रायपुर, दिनांक 28/07/2023

" निविदा आमंत्रण सूचना "

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा नगर निगम एवं अन्य शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय विभागों में कार्य के अनुभवी, निर्माताओं/अधिकृत विक्रेता से स्टेशनरी सामाग्री प्रदाय करने हेतू निर्धारित प्रपत्र में निर्धारित समयावधि में सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। सभी मुहर बंद निविदाएं स्पीड पोस्ट से स्टोर शाखा, तृतीय तल कक्ष क्रमांक 406, मुख्यालय भवन, नगर पालिक निगम रायपुर को प्रेषित की जावें। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

1. निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की अंतिम तिथि – 25.08.2023 सांय 5.30 बजे तक
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि – 28.08.2023 सांय 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 29.08.2023 प्रातः 11.00 बजे

क्रं.	विवरण	प्राक्कलन राशि (लाख में)	अमानती राशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र मूल्य (रूपये)	समयावधि
1.	समाग्री विवरण (संलग्न सूची अनुसार)	रू. 10.00 लाख	रू. 10,000.00	रू. 750.00	1 वर्ष

नोटः– नगर पालिक निगम रायपुर के वेबसाईट http://nagarnigamraipur.nic.in से भी डाउनलोड कर निविदा डाल सकते है। डाउनलोड करने में निविदा प्रपत्र की राशि निविदा के साथ, आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम पर डी.डी. जमा करना होगा।

अधीक्षण अभियंता
नगर पालिक निगम
रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

::– सामान्य शर्ते –::

1.निविदा भरने का नियम :–

निविदा 3 लिफाफे मे जमा की जावेगी जिन्हे एक बड़े लिफाफे के अंदर सीलबंद कर भेजा जाना होगा। प्रथम लिफाफे में अमानत राशि रू. 10,000/– (दस हजार मात्र) आयुक्त, नगर निगम के पक्ष में FDR के रूप में जमा करना होगा जिसकी वैद्यता न्यूनतम (अवधि) 12 माह की होगी। प्रदेश की लघु एवं कुटिर उद्योग इकाई जो उद्योग विभाग से पंजीकृत है तथा सक्षमता प्रमाण पत्र प्राप्त है, उन्हें सुरक्षा निधि जमा करने से छूट है।

निविदाकार द्वितीय लिफाफे में निम्नानुसार प्रपत्र डाले :–

(1) निर्माता संस्थान/अधिकृत विक्रेता/डीलर का प्रमाण पत्र।

(2) फर्म का जीवित गुमास्ता प्रमाण पत्र की छायाप्रति।

(3) पैन नं./जी.एस.टी. नं. की छायाप्रति।

(4) निविदाकार को विगत 3 वर्ष की आयकर रिटर्न की छायाप्रति संलग्न करना होगा जिसमें से किसी एक वर्ष मे 10 लाख का टर्नओवर प्रमाणपत्र की प्रमाणित प्रतिलिपि प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

तृतीय लिफाफे में नगर पालिक निगम रायपुर से प्रदाय किये गये सामाग्री अनुरूप फार्म में दरें समस्त करों सहित दिया जावे।

2. प्रत्येक निविदा में सर्वप्रथम प्रथम लिफाफे को खोला जावेगा, तत् पश्चात् तकनिकी लिफाफा को खोला जावेगा जिसमें रखे जाने वाले सभी अभिलेख की पूर्णतः एवं वैधताग्राह होने पर ही उनके वित्तीय ऑफर को खोला जावेगा।
3. न्यूनतम दरकर्त्ता को सामाग्री प्रदाय हेतु आवश्यकतानुसार प्रदाय आदेश जारी किया जावेगा।
4. न्यूनतम दरदाता को आदेश की प्राप्ति के दिनांक से 07 दिवस के अन्दर सामाग्री की आपूर्ति करना होगा। समायावधि में पूर्ति नहीं करने पर आर्थिक दण्ड की राशि देयक से प्रतिदिन राशि रू. 100/– (अक्षरी सौ रूपये मात्र) कटौती की जावेगी।
5. सभी सामाग्री कार्यालय नगर पालिक निगम, मुख्यालय के स्टोर शाखा में कक्ष क्रमांक 406, तृतीय तल पर पहुंचाकर देनी होगी।
6. निविदाकार को उसके दरों की स्वीकृति की सूचना प्राप्ति के दिनांक से एक सप्ताह के अंदर 100 रूपये के नान ज्यूडीशियल स्टाम्प पर सामाग्री आपूर्ति के संबंध में नगर निगम, रायपुर के साथ अनुबंध निष्पादित करना होगा।
7. सामाग्री आपुर्ति हेतु अनुबंध एक वर्ष का होगा। आवश्यकता पड़ने पर आपसी सहमति से 06 माह तक पुनः समयावृद्धि बढाई जा सकेगी।
8. निविदाकार को सामाग्री निविदा में उल्लेखित कम्पनी एवं साईज के अनुरूप ही आपूर्ति करना होगा।
9. निविदाकार को कोई भी सामाग्री MRP की दर या उससे कम होने पर ही उक्त सामाग्री का भुगतान किया जावेंगा।
10. सामाग्री प्रदाय हेतु जमा अमानत राशि सुरक्षा निधि के रूप में रोका जावेगा जोकि 12 माह उपरांत सामाग्री संतोषप्रद पाये जाने पर वापस की जा सकेगी।
11. निविदाकारों द्वारा सलंग्न किये गये सम्पूर्ण दस्तावेज नोटरी द्वारा सत्यापित किया जाना अनिवार्य है, अन्यथा निविदा को अमान्य कर दिया जावेगा।

385
18.07.23

12. सशर्त निविदा मान्य नही होगी।
13. निविदा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर के पास सुरक्षित रहेगा।
14. किसी भी विवाद की स्थिति में आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर का निर्णय निविदाकार को मान्य होगा।

अधीक्षण अभियंता
नगर पालिक निगम
रायपुर (छ.ग.)